(ख) चम्बल डिवीजन में मुरना में सीमेंट संयंत्र की स्थापना करने के लिये भारतीय सीमेंट निगम के पास फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है :

कुओं के निर्माण के लिए सीमेंट की कमी

2472. **श्री राम किशन : क्या उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय देश में सीमेंट की कितनी कमी है ;

(ख) क्या यह सच है कि सीमेंट की कमी के कारण इस की बड़े पैमाने पर चोर बाजारी होती है ;

(ग) यदि हां, तो इस स्थिति का मुकाबला करने के लिए सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ;

(घ) क्या विभिन्न राज्यों में ग्रामीण क्षेत्रों में सीमेंट की कमी के कारण सिंचाई के लिए किसानों द्वारा बनाये जा रहे बहुत से कुएं अधूरे पड़े हैं; और

(ङ) यदि हां, तो क्या विशेष अभियान आरम्भ करके ग्रामीण क्षेत्रों में कुओं के निर्माण के लिए सरकार का कुछ विशेष प्रबंध करने का विचार है ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (कुमारी आभा मयती): (क) से (ङ). देश में सीमेंट की मांग व इसकी उपलब्धता के बीच अनुमानतः 20 से 30 लाख मी० टन सीमेंट का अंतर है । कुल मिलाकर सीमेंट की अपर्याप्त उपलब्धता की वजह से कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा सीमेंट की चोर बाजारी की जाने के समाचार मिले हैं। सीमेंट निर्माताओं से अनुरोध किया गया है कि वे अपने स्टाकिस्टों / डीलरों पर और अधिक निगरानी रखें । राज्य सरकारों से भी अनुरोध किया गया है कि वे जिला प्राधिकारियों से अपराधियों के विरुद्ध अधिक कड़ी कार्रवाई शुरू करें और अपराधियों को पकड़ने के लिये सतर्कता बरतें। आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के अनुसार सीमेंट को एक आवश्यक वस्तु घोषित किया गया है तथा सरकार द्वारा निर्धारित सीमेंट को मूल्यों से अधिक मूल्य पर सीमेंट बेचने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने हेतु राज्य सरकारों को पर्याप्त अधिकार दिए गए हैं । संभव है कि सीमेंट की वजह से कुछ राज्यों में सिंचाई कार्यों के लिए बनाए जाने वाले कुओं पर प्रतिकूल असर पड़ा हो । उपलब्ध सीमेंट की मात्रा को विभिन्न राज्यों में बांट दिया जाता है तथा इस के बाद राज्य इस सीमेंट को विभिन्न वर्गों के उपभोक्ताओं में वितरित कर देते हैं। यह राज्य सरकारों का काम है कि वे अपने द्वारा निश्चित की गई प्राथमिकता के अनुसार सीमेंट का वितरण करें ।

सीमेंट का उत्पादन और आयात और विभिन्न राज्यों और उत्तर प्रदेश को इसका वितरण

2473. **श्री गंगा भक्त सिंह : क्या उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वर्ष 1976–77 की तुलना में वर्ष 1977–78 में सीमेंट के उत्पादन में वृद्धि हुई है और क्या इस से सीमेंट की मांग पूरी हो जायेगी ;

(ख) यदि नहीं, तो क्या सरकार सीमेंट आयात किये जाने के किसी प्रस्ताव पर विचार कर रही है ; और

(ग) सरकार आयातित सीमेंट के विभिन्न राज्यों में वितरण के बारे में क्या